तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 27.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, सोमवार, 18 अगस्त 2025

10 पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का प्रदर्शन


10 खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए: डॉ. मिड्ढा


## नरवाना की मेला ग्राउंड अनाज मंडी में धन्यवाद एवं विकास रैली का किया आयोजन

# नरवाना: मुख्यमंत्री ने 206.25 करोड़ रुपये लागत की 19 परियोजनाओं का किया शिलान्यास और उद्घाटन

### नरवाना के विकास के लिए करोड़ों रुपये की मुख्यमंत्री ने की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नरवाना

नरवाना की मेला ग्राउंड अनाज मंडी में रविवार को धन्यवाद एवं विकास रैली का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री के साथ रैली में कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा, विधानसभा उपाध्यक्ष डा. कृष्ण मिड्ढाए राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री तथा नलवा के विधायक रणधीर पनिहार मौजूद रहे। विकास रैली में नरवाना हलके से हजारों लोगों ने शिरकत की। रैली में पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली स्थल पर पहुंच कर सबसे पहले नरवाना की नरवाना की 19 परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया जिनकी अनुमानित लागत 206.25 करोड़ है। मंच पर पहुंचने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को पगड़ी पहना कर व हल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नरवाना हलके के विकास के लिए करोड़ों रुपए की सौगात दी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने करोड़ों रुपये की नई परियोजनाओं की नरवाना के लिए घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि नरवाना में नए बस स्टैंड का निर्माण किया जाएगा। नरवाना के नागरिक अस्पताल को अपग्रेड करके 50 बेड से बढ़ाकर 100 बैड का किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने नरवाना टोहाना रोड व नरवाना से पुराना हिसार रोड पर रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण के लिए 60 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की। मुख्यमंत्री ने नरवाना शहर के सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने के लिए 75.87 करोड़ की राशि मंजूर की। मुख्यमंत्री ने नरवाना नगर परिषद के नए भवन के निर्माण किए जाने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने शहर के स्ट्रोम वाटर ड्रेनेज सिस्टम के लिए 31.65 करोड़ रुपये की धनराशि मंजूर की। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने नरवाना में हरियाणा विकास प्राधिकरण का एक सेक्टर बनाने की घोषणा भी की। इसके अलावा नरवाना में नई सब्जी मंडी का निर्माण करवाया जाएगा। नरवाना में नहरी पानी पीने के लिए उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री ने 45 करोड़ रुपये की राशि मंजूर की। मुख्यमंत्री ने अनेक सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत के लिए भी करोड़ों रुपये देने की घोषणा की। इसके अलावा नरवाना हलके के विकास के लिए पांच करोड़ की राशि अलग से देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने ग्रामीण क्षेत्रों में अनेक विकास कार्यों के लिए भी करोड़ों रुपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि नरवाना हलके की जनता ने जो सम्मान की पगड़ी उनके सिर पर रखी है, वे विश्वास दिलाते हैं कि नरवाना हलके को विकास के मामले में तीन गुणा तेजी से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। उन्होंने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा कि नरवाना हलके में केवल राजनीति होती रही। किसी भी राजनेता ने हलके के विकास की कोई बात नहीं की। उन्होंने कहा कि इस परम्परा को भाजपा सरकार ने तोड़ा है हलके को वह सम्मान और विकास देकर जिसकी हकदार इस हलके की जनता थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्षी लोग केवल लोगों को गुमराह करने का काम करते हैं आज वे उन्हें आइना दिखाना चाहते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों के शासनकाल में नरवाना हलके में विकास कार्यों पर 2105 करोड़ रुपये खर्च करने का काम किया है जबकि कांग्रेस ने अपने 10 साल के शासनकाल में केवल 607 करोड़ रुपये ही खर्च किए थे। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासनकाल में नरवाना हलके में विकास कार्यों को लेकर 111 घोषणाएं की गई। जिनमें से 98 घोषणाएं पूरी हो चुकी हैं जबकि छह पर काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो कहा वो करके दिखाया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार के शासनकाल में विकास की गति तीन गुणा तेजी से बढ़ेगी यह उनका वादा है। इससे पूर्व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्यमंत्री का नरवाना पहुंचने पर स्वागत किया।



मुख्यमंत्री को हल देकर सम्मानित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व अन्य।


गैबी साहब मंदिर में पूजा अर्चना करते सीएम नायब सिंह सैनी व कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी।

#### सीएम ने बाबा गैबी साहब मंदिर में टेका माथा

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने रैली के समापन के बाद शहर के प्रसिद्ध बाबा गैबी साहब मंदिर में पहुंच कर माथा टेका और पूजा अर्चना की। मुख्यमंत्री का यहां पहुंचने पर बाबा गैबी साहब मंदिर के महंत अजय गिरी जी महाराज ने फूलों का बुके देकर स्वागत किया और मुख्यमंत्री को शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा नरवाना के पदाधिकारियों ने भी मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यहां मंदिर परिसर में बनाए गए हॉल का उद्घाटन भी किया। मुख्यमंत्री ने मंदिर परिसर में पौधारोपण भी किया।

#### नरवाना की हवा पंजाब को भी आपकी झोली में डालेगी : बेदी

**नरवाना।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि पूरे नरवाना के लोग अगली बार तीनों की तीनों लोकसभा आपकी झोली में डालने का काम करेंगे। नरवाना की वो धरती है जो कह दिया और वो करके दिखाया है। यह वो धरती है जब चौटाला विपक्ष में रहते थे, कहीं भी उन्हें सूत नही आई। जब नरवाना आए तो उनके भाग जागे। जब मुख्यमंत्री तक पहुंचे, कई दिग्गज जा लिए। नरवाना की हवा ने आपको जींद जिला जिताने का काम किया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी रविवार को नरवाना के मेला मंडी में आयोजित विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। मंत्री बेदी ने कहा कि गैबी साहब की कृपा से दिल्ली भी जीता। अब पंजाब की तरफ जाएंगे। पंजाब भी आपकी झोली में डालने का काम करेंगे। 17 साल बाद राज I का हिस्सा नरवाना ने देखा है। इसलिए यहां विकास के लिए कमी नही रहनी चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला प्रभारी मदनलाल गोयल, जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल, युवा भाजपा नेता कर्ण प्रताप सिंह, गौरव बेदी, भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा, रिछपाल शर्मा, अनाज मंडी प्रधान ईश्वर गोयल, मंडल अध्यक्ष दिनेश गोयल, सत्यवान शर्मा, सुरेंद्र प्रजापत, सुरेंद्र हथो, हंसराज समैण, अमित धरोदी, राजेश शर्मा, सुरेश पांचाल, सुरेश दनौदा, नगर परिषद चेयरपर्सन प्रतिनिधि विशाल मिर्धा, भगवती बागड़ी, प्रमोद शर्मा, बलवान नैन, विनय मित्तल सहित अन्य पार्टी नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

#### प्रदेश विकास के आयाम छू रहा : डा. मिड्ढा

**जींद।** हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार बनी है तब से विकास जोरों पर है। जहां जींद से नरवाना पहुंचने में एक घंटा लगता था आज मात्र 20 से 22 मिनट में पहुंच जाते हैं। ऐसी परियोजनाएं भाजपा ने लाने का काम किया। आज जींद नौ नेशनल हाइवों से जोडा गया है। सीएम द्वारा खेत खलिहान योजना बनाई गई, इससे किसानों को फायदा मिला रहा है। 947 करोड़ की लागत से जींद में मेडिकल कालेज बन रहा है। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा रविवार को नरवाना में विकास रैली को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने आयुष्मान योजना बनाने का काम किया। मुख्यमंत्री ने चिरायु योजना दी ताकि पैसों की कमी से बिना उपचार के किसी की मौत न हो। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने इस दर्द को समझा और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार सुविधा दी।





नरवाना। मंच पर मौजूद सीएम नायब सैनी, मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो :हरिभूमि

## नागरिक अस्पताल 50 से सौ बैड का होगा अपग्रेड : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने नरवाना अस्पताल 50 बेड से बढ़ा कर 100 बेड का करने, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण का एक नया सेक्टर और नई सब्जी मंडी बनाने की घोषणा प्रमुख रही। इसके अलावा नरवाना के विकास को लेकर सीएम ने करोड़ों की घोषणाएं की। रैली मंच से सीएम ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हरियाणा को दो फोरलेन की बहुत बड़ी सौगात दी है। एक दिल्ली एयरपोर्ट से लेकर सोनीपत को जोड़ेगा और दूसरा दिल्ली एयरपोर्ट से बहादुरगढ़ को जोड़ेगा। प्रधानमंत्री ने विकास की गति को और तेज करते हुए 11 हजार करोड़ रुपये के उद्घाटन किए हैं। दिल्ली से कटरा जाएंगे तो छह घंटे में ओर चंडीगढ़ जाएंगे तो अढ़ाई घंटे में पहुंच जाएंगे।

हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी रविवार को कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी द्वारा नरवाना की मेला मंडी में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली मंच पर पूर्व विधायक पिरथी नंबरदार ने मुख्यमंत्री को हल भेंट किया। इस मौके पर लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, मंत्री कृष्ण बेदी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, राज्यसभा सांसद सुभाष बराला, उचाना विधायक देवेंद्र चतुरभुज अत्री, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, जींद प्रभारी मदनलाल भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेंद्र ढुल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने नरवाना के लोगों को राम-राम बोला है। नरवाना के लोगों ने जो पगड़ी उनके सिर पर रखी है वो इसका पूरा मान रखेंगे। नरवाना को तीन गुणा गति से आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हम यहां नरवाना के सुनहरी भविष्य की नींव रखने के लिए एकत्रित हुए हैं। हरियाणा तीन गुणा विकास की गति से आगे बढ़ रहा है। ट्रिप्पल इंजन सरकार की ताकत है कि आज हरियाणा अग्रणीय प्रदेशों में खड़ा है।

#### सीएम नायब ने कांग्रेस सरकार पर बोला हमला

सीएम ने पिछली सरकारों पर हमला बोला और कहा कि आप लोग तालियां बजाते थे लेकिन विकास नही होता था। लोगों की जरूरतों के बारे में किसी ने नही सोचा। विकास की बात कभी नही की गई। पहले यहां केवल राजनीति होती थी लेकिन विकास की बात नही होती थी। हमने इस परम्परा को तोड़ा है। नरवाना को वह विकास और सम्मान दिया है जिसके आप हकदार थे। नरवाना क्षेत्र का भविष्य उज्जवल रहेगा। हमारी सरकार ने जो कहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वो करके दिखाया है। नरवाना में 206 करोड़ 25 लाख के उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। सीएम ने कहा कि विपक्ष के लोग लोगों को झूठ बोल कर गुमराह करने का काम करते हैं।

## खबर संक्षेप

### पिस्तौल-दो जिंदा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ ने नेताजी कालोनी के निकट एक युवक को काबू कर उसके कब्जे से एक पिस्तौल तथा दो जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। शहर थाना पुलिस पकड़े गए आरोपित से पूछताछ कर रही है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि नेताजी कालोनी के निकट एक युवक अवैध असलहा के साथ खड़ा हुआ है। जो कहीं जाने की फिराक में है।

### जींद: आज चार घंटे बंद रहेगी बिजली सप्लाई

**जींद।** सैक्टर 9 सब स्टेशन से जुड़े 33केवी सैक्टर 8, 33केवी सीआरएसयू, 33केवी सिंधवीखेड़ा पावर हाउस की बिजली सप्लाई सोमवार को चार घंटे बंद रहेगी। अधीक्षक अभियंता मदन लाल सुखीजा ने कहा कि सुबह 9 से एक बजे तक बिजली सप्लाई बंद रखकर सामान मुरम्मत का काम किया जाएगा। पावर हाउस बंद रहने से सैक्टरों, सफीदों रोड, हाउसिंग बोर्ड, शिव कालोनी, ग्रीन वेली, सीआरएसयू, न्यू कृष्णा कालोनी समेत आदि एरिया की बिजली सप्लाई बाधित रहेगी।

### रंजिशन हमला करने पर तीन के खिलाफ केस

**जींद।** जुलाना में रजिशन हमला कर युवक को घायल करने पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जुलाना निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी जुलाना के वार्ड 12 निवासी रोहित से कहासुनी हो गई थी। उसी रंजिश के चलते रोहित ने अपने परिजनों के साथ उसे घेर लिया और हमला कर दिया।

### अवैध हथियार सप्लाई में संलिप्त तीन गिरफ्तार

**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट, कैथल ने अवैध हथियारों की सप्लाई में संलिप्त तीन आरोपियों को काबू करने में सफलता हासिल की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यूनिट प्रभारी एसआई रमेश चंद के नेतृत्व में एसआई सुभाष चंद की टीम ने सांयकालीन गश्त के दौरान गुप्त सूचना के आधार पर टी-प्वाइंट कौल के समीप एक गाड़ी को चेक किया। तलाशी के दौरान वाहन में सवार तीन युवकों को काबू किया गया।

### घर से पांच हजार की नगदी व फोन चोरी

**जींद।** गांव उझाना में घर से पांच हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन गायब होने पर गढ़ी थाना पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव उझाना निवासी अशोक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके घर से पांच हजार रुपये की नगदी तथा मोबाइल फोन को चोरी कर लिया। गढ़ी थाना पुलिस ने अशोक की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पशु क्रूरता के मामले में दो आरोपित गिरफ्तार

**कैथल।** चौकी अनाज मंडी पुलिस द्वारा गोवंश की तस्करी व पशु क्रूरता के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की शक्ति नगर कैथल निवासी रमन की शिकायत अनुसार वह श्री नाथ जी गऊ वन्स चिकित्सालय गौरक्षा दल (मटौर) कैथल का सदस्य है। जो उनकी टीम जींद बाईपास कैथल के पास मौजूद थी, खनौरी बाईपास की तरफ से आ रही एक टाटा एस गाड़ी को रुकवाया गया, जिसमें दो बैल ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे।

### मकान से दो क्विंटल गेहूं चोरी, दो के खिलाफ केस

**जींद।** गांव दनौदा खुर्द में मकान से दो क्विंटल गेहूं चोरी करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। गांव दनौदा खुर्द निवासी मिया सिंह ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके घर का ताला तोड़ कर लगभग दो क्विंटल गेहूं को चोरी कर लिया।

## समाजसेवी मा. राय सिंह का निधन, अंतिम संस्कार आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल



कलायत के जाने-माने समाजसेवी मास्टर राय सिंह का रविवार शाम निधन हो गया। कोलेखां निवासी मास्टर राय सिंह क्षेत्र के लोकप्रिय शिक्षाविद रहे और लम्बे समय तक कलायत हाई स्कूल समेत कई विद्यालयों में अध्यापन किया। 87 वर्षीय मा. राय ने अपने जीवनकाल में विभिन्न शिक्षा संस्थानों और सामाजिक संस्थाओं के निर्माण और विकास में अहम योगदान दिया जिनमें कन्या गुरुकुल खरल, कपिल मुनि कन्या महाविद्यालय कलायत, जाट धर्मशाला कुरुक्षेत्र, सहारण खाप प्रमुख हैं। उनकी प्रेरणा से सैंकड़ों परिवार शिक्षा से जुड़े जिनमें महिला शिक्षा की तरफ उनका विशेष ध्यान रहा। निधन पर सामाजिक और राजनीतिक लोगों ने दुख व्यक्त किया और उनके सक्रिय योगदान को याद किया। बता दें कि मास्टर राय अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़कर गए हैं और उनके परिवार के सदस्य विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य कर रहे हैं। मास्टर राय सिंह का अंतिम संस्कार सोमवार सुबह 10 बजे गांव कोलेखां में किया जाएगा।

## गांव किलाजफरगढ़ के पास एनएच 152 ट्रक चालक को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, मौत

- ट्रक में एमपी से सीमेंट भरकर पटियाला की ओर जा रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना क्षेत्र के किलाजफरगढ़ गांव के पास एनएच 152डी पर ट्रक चालक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। चालक को गंभीर अवस्था में रोहतक पीजीआई ले जाया गया। जहां पर उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। कुरूक्षेत्र के सिआना गांव निवासी 45 वर्षीय बलबीर ट्रक में एमपी से सीमेंट भरकर पटियाला की ओर जा रहा था। जब वह किलाजफरगढ़ गांव के पास पहुंचा तो सड़क पर एक खराब ट्रक खड़ा था। रात के समय उसे दिखाई नही दिया तो सीमेंट के ट्रक की खड़े ट्रक से टक्कर हो गई। जिसमें ट्रक का मलिक घायल हो गया। रात के समय चालक जब ट्रक के पीछे खड़ा होकर अन्य वाहनों को टॉर्च दिखा रहा था तो अज्ञात वाहन चालक ने उसे टक्कर मार दी। घायल अवस्था में चालक को रोहतक पीजीआई ले जाया गया जहां पर चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पाकर जुलाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुटी हुई है।


जुलाना। एनएच 152 डी पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रक। फोटो :हरिभूमि

## फर्जी शादी करवा दुष्कर्म में फंसाने की धमकी देकर मांगे दो लाख रुपये

- पुलिस ने दुल्हन समेत दो महिलाओं व पांच अन्य को किया नामजद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

युवती से फर्जी शादी करवा एक लाख 60 हजार हडपने तथा दुष्कर्म के मामले मे फंसाने के धमकी देकर दो लाख रुपये की डिमांड करने का मामला सामने आया है। सदर थाना नरवाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर दो युवतियों को नामजद कर सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी, ब्लैकमेल करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है।

गांव ढाकल निवासी एक युवक ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी गांव भौंगरा निवासी मनजीत से दोस्ती रही है। मनजीत का जानकार नरसी रिश्ते करवाता है। गत पांच अगस्त को नरसी उसके घर आया और दो लड़कियों के फोटो दिखाते हुए रिश्ता लेने की बात कही। फोटो देखने के बाद उसने एक लड़की को पसंद कर लिया। जिसका नाम नरसी ने पूजा बताया। दूसरी लड़की को पूजा की बड़ी बहन रेखा बताया। नरसी ने दोनों का गरीब परिवार बताया। फिर नरसी ने शादी के नाम पर एक लाख 60 हजाररुपये ले लिए। सात अगस्त को नरसी उसे तथा उसके परिजनों को युमनानगर ले गया।

### युवती व महिलाओं के लिए आईटीआई में दाखिले का अंतिम मौका

## कैथल में 153 और पूंडरी में 68 सीट खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कैथल

आईटीआई में दाखिला लेने से अब तक वंचित रही महिलाओं व युवतियों के लिए अच्छा समाचार है। कैथल के राजकीय महिला आईटीआई में युवती व महिलाओं के लिए करीब 153 तथा महिला पूंडरी में 68 सीट खाली हैं। इन सीटों पर युवती या महिलाएं ऑन द स्पॉट इसके लिए दाखिला ले सकती हैं। इसके लिए अंतिम तिथि 22 अगस्त निर्धारित की गई है। युवतियां ऑनलाइन फॉर्म भरवाते हुए ऑन द स्पॉट दाखिला ले पाएंगी। राजकीय आईटीआई महिला कैथल के प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सरकार व विभाग द्वारा राजकीय आईटीआई में दाखिला लेने वाली महिलाओं व युवतियों के लिए विशेष योजनाएं चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि जहां दाखिला लेने वाली युक्त को फ्री बस पास की सुविधा दी जाती है तो वहीं उन्हें टूल किट के लिए 1000 भी प्रदान किए जाते हैं। सरकार की ओर से पोस्ट मैट्रिक स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि कैथल की आईटीआई में अव्वल स्तर का प्रशिक्षण दिया जाता है जिसका विभिन्न कंपनियां उन्हें अपने प्रतिष्ठानों में नियुक्तियां भी देती हैं। कैथल की राजकीय आईटीआई से अब तक हजारों युवतियां प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए अपने पैरों पर खड़ा हो चुकी है।


कैथल। राजकीय महिला आईटीआई में दाखिला लेती युवतियां। फोटो :हरिभूमि

#### यूं होगा रिक्त सीटों पर होगा दाखिला

बता दें कि अब तक विद्यार्थी आनलाइन के चक्कर में उलझे हुए थे। अब नए शेड्यूल अनुसार विद्यार्थी पोर्टल पर आवेदन करने के उपरांत पोर्टल से मैरिट कार्ड डाउनलोड करते हुए उसे संबंधित आईटीआई में प्रातः 12:00 बजे तक जमा करवाएगा। आईटीआई में प्राप्त आवेदनों पर मैरिट सूची तैयार की जाएगी तथा रिक्त सीटों पर मैरिट सूची अनुसार दाखिला दिया जाएगा।

## जींद: मनीषा के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

भिवानी जिले में एक निजी स्कूल अध्यापिका की गला काटकर की गई हत्या के रोष स्वरूप इमर्जिंग वॉयस फाउंडेशन के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने शहर में कैंडल मार्च निकाला। यह कैंडल मार्च बाबा साहब बीआर आंबेडकर की प्रतिमा से शुरू होकर शहीदी पार्क पर संपन्न हुआ। उन्होंने मृतका को श्रद्धांजलि दी। फाउंडेशन संयोजक विकास ने बताया कि पिछले दिनों भिवानी जिला के गांव ढाणी लक्ष्मण की युवती मनीषा जो कि एक निजी स्कूल में बच्चों को पढ़ाती थी, उसके साथ हैवानियत की गई। किसी ने उसका गला काट कर उसके शव को खेतों में फेंक दिया। उसकी आंख निकाल दी गई। एक कान गायब है। मुंह भी जलाया हुआ है। घटना को छह दिन बीत गए हैं लेकिन अभी तक उसके हत्यारे पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। मृतका के परिजनों ने पुलिस पर भी लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में हालात भयावह हो गए हैं। अकेली लडक़ी घर से बाहर निकलने से भी डर रही है।

## खबर संक्षेप

### दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाए

**जींद।** भिवानी की बेटी मनीषा के लिए सरकार से इंसाफ की मांग करते हुए जिला सचिव भाजपा अनिता जामनी ने कहा कि दोषियों को किसी भी सूरत में नहीं बख्शा जाए। सरकार की तरफ से ठोस कार्रवाई की जाए। बच्चों को सिखाएं कि इज्जत बेटियों की भी होती है। बुरे काम का बुरा नतीजा होता है। इस दौरान योगिता भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा ने कहा कि गलत काम करने से बच्चों का भविष्य खराब हो जाता है। कुछ गलत करने से पहले ही अगर बच्चों को रोक लिया जाए तो बेहतर है।

### संघ ने आयोजित की विचार गोष्ठी

**जींद।** शिव कालोनी स्थितअक्षर भवन में जनवादी लेखक संघ की ओर से विचार गोष्ठी एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता राममेहर सिंह खर्ब ने की। जबकि संचालन मंगतराम शास्त्री ने किया। गोष्ठी में सर्व जयप्रकाश लुदाना, सोहनदास, सुधीर नैन, पूर्व मुख्याध्यापक सुमेर सिंह सुमरा, वीएस राही, सुनील सीना, कर्मपाल देशवाल एवं अंकित ने भाग लिया। इस अवसर पर सभी लेखकों ने कहा कि हमारी आजादी का महल उन वीरों की कुर्बानी की बुनियाद पर खड़ा हुआ है जो नींव के पत्थर बने हैं।

### केंद्रीय विद्यालय बुडायन में स्वतंत्रता दिवस मनाया

**उचाना।** पीएमश्री केंद्रीय केंद्रीय विद्यालय बुडायन में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। सरपंच प्रतिनिधि नसीब ने स्कूल प्राचार्य सुरेंद्र सिंह के साथ ध्वजारोण किया। प्राचार्य ने कहा कि अंग्रेजी शासन से मुक्ति के लिए न जाने कितने लोगों ने अपने जीवन की शहादत दी। देशवासियों का कर्तव्य है कि वे स्वतंत्रता सैनानियों के दिखाए मार्ग पर चलकर देश को और आगे ले जाएं। इसके साथ ही स्कूल के छात्र व छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।

### गोगा नवमी का पर्व मनाया

**उचाना।** गोगा नवमी का पर्व रविवार को हर्षोल्लास से मनाया गया। सुबह के समय लोगों ने घरों में पूजा अर्चना की। दोपहर बाद गोगा मंदिरों, निकाली गई गोगा की छड़ी पर जाकर पूजा, अर्चना परिवार के साथ श्रद्धालुओं ने की। कृष्णा जन्माष्टमी के अगले दिन गोगा नवमी का पर्व मनाया जाता है। घरों में खीर, देशी घी के मालपूड़े बनाए जाते हैं। गांव में इस दिन कुश्ती दंगल भी आयोजित करवाए जाते हैं। गेहूं के साथ पूजा, अर्चना इस दिन की जाती है। माना जाता है कि गोगा नवमीं के बाद मौसम में परिवर्तन की शुरूआत होती है।

### ऑनलाइन प्रक्रिया छात्रों के लिए बनी सिरदर्द

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि की हॉस्टल ऑनलाइन प्रक्रिया में चल रही भारी तकनीकी खामियों को लेकर छात्रों में गहरा आक्रोश है। किसान छात्र एकता संगठन हरियाणा और संगठन के उपाध्यक्ष अभिषेक जुलाना ने कहा कि लाखों रुपये खर्च करके बनाए गए इस ऑनलाइन सिस्टम ने छात्रों को केवल आर्थिक, मानसिक और शैक्षणिक नुकसान ही दिया है। छात्रों के अनुसार ऑनलाइन प्रक्रिया में बड़ी गड़बडियां हो रही हैं। फार्म में गलत जानकारी स्वतः भरना, बिना आवेदन किए पहले ही पंजीकृत दिखाना, फीस कटने के बाद भी रजिस्ट्रेशन नंबर व पासवर्ड न मिलना, फीस स्लिप डाउनलोड न होना और कई बार पंजीकरण पोर्टल का बंद दिखना।

### गोगा नवमीः श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की

**जींद।** बीबीपुर गांव में हर साल की तरह प्राचीन गोगामेड़ी मंदिर पर इस साल भी गोगा नवमी का उत्सव बड़ी धूमधाम से बनाया गया।गोगा मेडी सेवा समिति के सदस्यों ने मंदिर में पीने के पानी की व्यवस्था से लेकर अन्य व्यवस्थाएं अच्छी प्रकार से की गई। इस मौके पर ग्रामीणों ने पूजा अर्चना की। सेवा समिति के प्रधान ललित, उप.प्रधान मनवीर, बारू भगत बताया कि जो गोगाजी का मंदिर है, यह बहुत प्राचीन मंदिर है।

## उपायुक्त को लगा चुके गुहार, समस्या का समाधान नहीं

# पेयजल समस्या को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन

### साफ व स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग उठाई, जमकर नारेबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव अहिरका के ग्रामीणों ने पीने के पानी की समस्या को लेकर गांव के नलकूप नंबर दो पर एकत्रित होकर प्रदर्शन किया और साफ व स्वच्छ पीने के पानी की मांग की। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पीने का बहुत गंदा पानी सप्लाई हो रहा है। पानी कि पाइप लाइन भी कंडम हो चुकी है और लााइन में लीकेज हो रही है। जिस कारण सप्लाई का पानी बहुत खराब आता है। जो बिलकुल भी पीने लायक नही है। कपूर सिंह ने बताया कि गत चार अगस्त को गांव के लोगों ने समाधान शिविर में उपायुक्त को इस बारे में अवगत करवाया था और समाधान कि मांग कि थी लेकिन अभीतक कोई समाधान नहीं हुआ है। गांव अहिरका में दो जल घर नलकूप हैं जो भूमिगत पानी से संचालित हैं। इनका पानी लंबे समय से खराब हो चुका है और पानी की सप्लाई लाइन भी कई जगह से टूटी-फूटी है। जिस कारण गांव में गंदे पानी की सप्लाई की जा रही है। यह पानी पीने से गांव में अनेकों तरह की बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। ग्रामीण इसकी शिकायत अनेकों बार संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को कर चुके हैं लेकिन स्थिति ज्यों की त्यों बनी हुई है। कई-कई दिन सप्लाई भी बंद कर दी जाती है। पानी की कमी के कारण ग्रामीण गंदा पानी पीने को मजबूर हो रहे हैं। क्योंकि इसके अलावा गरीब लोगों पर पानी का कोई साधन नही है। इन जलघरों से गांव अहिरका, कैरखेड़ी व रूपगढ़ आदि गांवों में पानी की सप्लाई की जाती है। जलघरों के आसपास काफी गंदगी फैली हुई है। बड़ी मात्रा में कांग्रेस घास खड़ी है। चार दीवारी लंबे समय से टूटी पड़ी है। यह जल घर आबादी के बीच में है। जिस कारण आबादी में आने से फैली गंदगी के कारण कई प्रकार का भय बना रहता है। लंबे समय से साफ - सफाई की ओर कोई ध्यान नही है। ग्रामीणों ने मांग की कि पानी की जांच करवाई जाए। टूटी-फूटी पाइप लाइन को ठीक करवा कर गांव में साफ पीने के पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। साफ-सफाई करवा कर पेड़ पौधे लगवाए जाएं। टूटी हुई चार दीवारी का निर्माण भी करवाया जाए तथा भविष्य में गांव को भाखड़ा जल परियोजना से जोड़ कर पीने के साथ पानी की सप्लाई सुनिश्चित की जाए। गांव में स्वास्थ्य कैंप लगा कर लोगों की स्वास्थ्य जांच की जाए। इस मौके पर गांव के ही सतबीर सिंह, योगेश, प्रवीण, सुरेश पंच, बलराम पंच, मुख्तियार सिंह, राधाकिशन व रेशमा, भतेरी, फूलपति, रोशनी, गीता आदि मौजूद रहे।


**जींद।** रोष जताते हुए ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

# मां देवकी की कोख का अभिमान हो तुम, मां यशोदा की जान हो तुम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

■ महिला काव्य मंच जींद ईकाई ने की काव्य गोष्ठी आयोजित

महिला काव्य मंच जींद ईकाई ने स्वतंत्रता दिवस पर काव्य गोष्ठी का आयोजित किया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मकाम ईकाई की राष्ट्रीय महासचिव सीमा शर्मा उपस्थित रही व अध्यक्षता डा. जगदीप शर्मा रहही व विशिष्ट अतिथि कविता शर्मा अध्यक्षा भाजपा महिला मोर्चा जींद रही। कार्यक्रम का संचालन मंजु मानव ने किया। कार्यक्रम का आरंभ हे शारदे मां, अज्ञानता से हमें तार दे मां पंक्तियों से किया। सबसे पहले शशि शर्मा ने भावुक कर देने वाली बहुत ही खूबसूरत रचना सुनाई जिसका शीर्षक था तिरंगा लहराए आकाश में है आजादी का उज्जवल प्रकाश। इस पावन दिन की खुशी आज हम मनाते हैं, तिरंगे की शान में सर अपना हम झुकाते हैं। डा. प्रेमलता ने कहा कि हम श्रद्धा के फूल उन्हें चढाते हैं, जो हुए शहीद इस देश की माटी पर। सीमा पटपटिया ने अरमान थे जो दिल में, वो रह गए, अनदेखे, अनकहे, अनभूले। मंजू मानव ने यूं ही कोई नहीं शहीद हुआ, जीना सीखे थे वो वतन के लिए, यूं तो लाखों ही लोग मरते हैं, लाश उनकी तो बस कफन के लिए। शशि शर्मा ने मां देवकी की कोख का अभिमान हो तुम, मां यशोदा की जान हो तुम। नटखट तुम नखराले तुम। जन्मे है कृष्ण कन्हाई, बधाई हो बधाई। अनीता शर्मा, कविता शर्मा ने भी अपनी रचनाओं के माध्यम से शहीदों को नमन किया। सीमा शर्मा ने जश्न ए आजादी, हाथ में हो ध्वज तिरंगा। सिर पर हो केसरिया बाना, मन में हो मां गंगा की धारा।


**जींद।** बैठक की अध्यक्षता करते हुए वीसी। फोटो :हरिभूमि

## कार्यशाला की तैयारियों को लेकर दिए निर्देश

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के कुलगुरु प्रो. डा. रामपाल सैनी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बहु विषयक शिक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला के सफल आयोजन के लिए गठित समिति के सदस्यों के साथ बैठक की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाएं तथा विभिन्न दायित्वों पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रो. डा. राम पाल सैनी ने समिति के सदस्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि हरियाणा राज्य उच्च शिक्षा परिषद एवं चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय जींद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यशाला में राज्यपाल एवं शिक्षा मंत्री कार्यक्रम की शोभा बढ़ेगी। साथ ही यह भी बताया कि इस कार्यशाला में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलगुरु भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करेंगे। कुलगुरु ने कहा कि सभी तैयारियां समय पर पूरी की जाएं तथा कार्यशाला में आने वाले विशिष्ट अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत एवं प्रबंधन उत्कृष्ट स्तर पर सुनिश्चित किया जाए।

### विधायक ने बदली उचाना की तस्वीरः सुरेंद्र खरकभूरा

**उचाना।** भाजपा नेता सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि अब तक के आठ महीने के कार्याकाल में भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने उचाना हलके की तस्वीर को बदलने का काम किया है। उचाना हलके में आईएमटी की घोषणा करवा कर युवाओं से की गई मांग को पूरा करने का काम किया है। आईएमटी बनने के बाद उचाना हलके में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। जिस-जिस एरिया में आईएमटी बनी है वहां जमीनों के भाव बढ़े है तो युवाओं को रोजगार मिला है। वो क्षेत्र तरक्की के पथ पर अग्रसर हुआ है। भाजपा सरकार किसान की मर्जी से जमीन लेती है, जबकि पिछली सरकारे किसानों की जमीन को जबरदस्ती कोडियों के भाव पर लेती थी। किसान अपनी मर्जी से जमीन देते है तो उसको लेकर भूमि पोर्टल पर उन्हें आवेदन करना होगा। कहा कि उचाना की अतिरिक्त मंडी में धर्मकांटे की मांग पूरी करने के बाद छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटे की मांग पूरी की है। किसानों, आढ़तियों की ये वर्षों पुरानी मांग रही है। ऐसे ही अनाज मंडी में थोड़ी देर बारिश में पानी भर जाता था।

## क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

**जींद।** आधारशिला विद्यालय में शिक्षकों हेतु एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम सीबीपी का आयोजन किया गया। इसका संचालन रिसोर्स पर्सन नवीन व निहारिका दलाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मुख्य विषय तनाव प्रबंधन रहा। वर्तमान समय में शिक्षा क्षेत्र में चुनौतियां और जिम्मेदारियां बहुत बढ़ गई है। इसके चलते प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से शिक्षकों में तनाव का स्तर बढ़ता रहता है। कार्यक्रम में विभिन्नों गतिविधियों द्वारा स्वयं एवं छात्रों में के बीच तालमेल को विकसित करने के विषय में जानकारी दी। इसमें विद्यालय के लगभग 60 अध्यापकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रश्नोत्तर के माध्यम से विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निवारण की जानकारी मिली। निदेशक अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि शिक्षक अपनी प्राथमिकताएं तय करके सकारात्मक सोच के साथ अपनी रुचियों व शौक को विकसित करके काफी हद तक अपना तनाव कम कर सकते हैं।


**जींद।** क्षमता निर्माण कार्यक्रम में भाग लेते शिक्षक। फोटो :हरिभूमि


**जींद।** मंच पर पंप्लेट दिखाते कर्मचारी नेता। फोटो :हरिभूमि

## कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जताई खुशी

**जींद।** ब्राह्मण धर्मशाला में रविवार को अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित भारतीय मजदूर संघ प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष कंवरपाल ने की व मंच संचालन प्रदेश महासचिव ओमबीर यादव ने किया। बैठक में संगठन के लक्ष्य 58 साल सुरक्षित रोजगार, सम्मानजनक वेतन की खुशी में कार्यकर्ताओं द्वारा लड्डू बांट कर खुशी मनाई गई। बैठक में विशेष तौर पर भारतीय मजदूर संघ से प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश बालू, प्रांत मंत्री देवीलाल गुराना, सुनील ढिल्लो मौजूद रहे। प्रदेश महासचिव, नरेश बालू ने कहा कि आप सभी के संघर्ष व भारतीय मजदूर संघ के कुशल नेतृत्व से नियमित कर्मचारियों की श्रेणी तक का सफर तय किया है। देवीलाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते कहा भारतीय मजदूर संघ हर अंतिम छौर के कर्मचारी के लिए संघर्षशील है। जल्द ही सभी को एक्ट का पूर्ण लाभ भी मिलेंगे। सभी का डाटा एक्ट में सही से चढ़वाने की जिम्मेदारी सभी पदाधिकारियों की तय की गई और 15 सितंबर तक अपना लक्ष्य पूरा करने का समय दिया गया है।

## नौजवानों की भूमिका पर सेमिनार

**जींद।** भारत की जनवादी नौजवान सभा यूनिट कमेटी अहिरका में आजादी का आंदोलन और नौजवानों की भूमिका पर सेमिनार आयोजित किया गया। इसके मुख्य वक्ता हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के जिला प्रधान व नौजवान सभा के पूर्व राज्य उपप्रधान सोहनदास थे। मुख्य वक्ता द्वारा बहुत ही सरल व आसान भाषा में तथा बहुत प्रभावी तरीके से देश को आजाद कराने में नौजवानों की भूमिका पर प्रकाश डाला और शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए नौजवानों का सही मार्गदर्शन करना होगा इस पर जोर दिया। इसके लिए उन्होंने भारत की जनवादी नौजवान सभा का सदस्य बनने की अपील की। हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति नरवाना की टीम द्वारा छोटे बच्चों पर आधारित गिरगिट नाटक की प्रस्तुति की गईए जिसे मौजूद लोगो ने खूब सराहा। मंच का संचालन जिला कमेटी के कैशियर अशोक अहिरका द्वारा किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रिंसिपल डा. सुरेंद्र कुमार गौड़ दवारा बच्चों के ऊपर माता पिता ज्यादा देख की आवश्यकता व मोबाइल से दूर रखने पर बातचीत रखी गई।


**जींद।** सेमिनार में गणमान्य लोगों को सम्मानित करते आयोजक।


छात्तर सब यार्ड में धर्मकांटे का नारियल फोड़ कर उद्घाटन करते विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री।

## छात्तर सब यार्ड में लगा धर्मकांटा

**उचाना।** छात्तर सब यार्ड में लगे 60 एमटी के धर्म कांटे का उद्घाटन विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा किया गया। धर्मकांटा लगने से छात्तर सहित 12 से अधिक गांव के किसानों को इसका फायदा होगा। गेहूं, धान के सीजन में किसानों को फसल से लोडिंग वाहन के तोल के लिए दूर जाना पड़ता था। किसान, आढ़तियों की वर्षों पुरानी मांग पूरी हुई है। करीब 27 लाख रुपये की राशि खर्च करके मार्केटिंग बोर्ड द्वारा इसका निर्माण करवाया गया। मांडी, कुचराना खुर्द, कुचराना कलां, लोधर, डाहोला, करसिंधु सहित विभिन्न गांव के किसान फसल के सीजन में यहां फसल लेकर आते हैं। सब यार्ड बनने के बाद धर्मकांटे की मांग किसान, आढ़ती कर रहे थे। इस मांग को कुछ महीने पलहे कई गांवों के किसान एवं आढ़ती विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री से मिले थे। विधायक द्वारा मार्केटिंग बोर्ड के सीए से इसको लेकर बातचीत की थी। विधायक ने कहा कि किसान, आढ़तियों के लिए निरंतर सरकार कार्य कर रही है। किसान तरह की समस्य किसान, आढ़तियों को नहीं आने दी जाएगी।


**जींद।** महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान करते सेव संस्था सदस्य। फोटो :हरिभूमि

## सेव ने महात्मा गांधी पार्क में किया श्रमदान

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमें सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 434वां अभियान था। सेव संस्था के सदस्यों ने पार्क में साफ-सफाई करके स्वच्छता अभियान चलाया। पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़ा उठाया और यह संदेश देने का प्रयास किया कि पर्यावरण जीवन की प्राथमिकता है। शुद्ध पर्यावरण ही लंबे जीवन का आधार होता है। इसलिए लोगों ने पर्यावरण का ध्यान रखना चाहिए और बसंत मौसम में पेड़ ज्यादा से ज्यादा लगाना चाहिए। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है, सभी को कूड़ा डस्टबीन में डालने की आदत अपनानी चाहिए और वो डस्टबीन नगर परिषद की गाड़ी को देना चाहिए। जिससे हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगा। हमारा भविष्य उज्जवल होगा, हमारा देश स्वस्थ होगा। इस मौके पर बलबीर सिंह श्योकंद, रोहताश गुप्ता, बलजीत रेढू, डा. राजेंद्र सिंह, हरवीर सिंह, बालवीर सिंह, ब्रह्मजीत देशवाल, सूरजभान सिहाग आदि साथी मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

उचाना शहर के कन्या स्कूल के पास स्थित कान्हा सेवा सदन में श्रीमद भागवत कथा के समापन पर हवन कर सुख, समृद्धि की कामना भगवान से की। हवन के बाद भंडारे का आयोजन किया। समापन पर भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, सुषमा अत्री पहुंचे। कथा आयोजक चित्रकुट धाम भागवत सेवा समिति स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि जिस भी क्षेत्र में श्रीमद भागवत कथा होती है वो उस क्षेत्र के लिए पुण्यवाणी होती है। भागवत को सुनने से अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित मनुष्य होता है तो इससे पुण्य भी मनुष्य जीवन में मिलता है। धार्मिक आयोजन समय-समय पर होते रहने चाहिए। धार्मिक कार्य होने से धर्म के प्रति रूचि बढ़ती है। इस तरह के आयोजन निरंतर आपस में एक.दूसरे के सहयोग की भावना को भी पैदा करते हैं। अरविंद शास्त्री ने कहा भक्ति की महिमा पर प्रकाश डालते कहा कि ज्ञान से कभी-कभी अहंकार जन्म ले सकता है जबकि भक्ति का मार्ग पूर्ण समर्पण से आरंभ होता है। जब साधक आराध्य के चरणों में समर्पित हो जाता है तो उसके भीतर अहंकार का स्थान ही नहीं बचता। सात दिनों तक श्रीमद भागवत भाग्य वाले सुनते हैं। कथा को सुनने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जिस क्षेत्र में ये कथा होती है वो क्षेत्र सौभाग्यशाली होता है।


विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री एवं सुषमा अत्री को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए।


**उचाना।** कार्यकर्ताओं को संबोधित करते पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह।

## जनविरोधी नीतियों का करेंगे प्रचारः बीरेंद्र

**उचाना।** राजीव गांधी कालेज के सभागार में कार्यकर्ताओं के साथ पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह ने मीटिंग की। पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह भी मीटिंग में पहुंचे। मीटिंग का आयोजन 20 अगस्त को पूर्व पीएम स्व. राजीव गांधी के जन्मदिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाने को लेकर किया गया। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कांग्रेस ने हमेशा गरीब तबके, किसान, मजदूर, व्यापारी, युवा, कमेरे, महिलाओं के हितों के लिए काम किया। गरीब का हाथ पकड़ कर कोई पार्टी आगे लेकर आई है तो वो कांग्रेस पार्टी है। आज भाजपा सरकार की लोकतंत्र, जनविरोधि नीतियों से भी आमजन को अवगत करवाया जाएगा। बृजेंद्र सिंह ने बताया कि जींद के गुरू रविदास धर्मशाला सफीदों रोड पर सद्भावना दिवस के अवसर पर सफीदों, जुलाना, जींद के कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। जिसमें नए युवाओं कांग्रेस की विचारधारा से अवगत करवाते उन्हें जोडने का काम किया जाएगा।

## गोपाल स्कूल में प्रदेशभर से 400 से अधिक खिलाड़ी दिखाएंगे प्रतिभा

# खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिएः डॉ. मिड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान द्वारा गोपाल विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 36वीं राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन रविवार से 19 अगस्त 2025 तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय कार्यक्रम में प्रदेश भर से 400 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जो विभिन्न आयु वर्गों में एथलेटिक्स की प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा मुख्यअतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। विद्या भारती जैसे संगठन खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों में अनुशासन, समर्पण और टीम भावना जैसे गुणों का विकास कर रहे हैं। यह आयोजन एक खेल महाकुंभ के रूप में प्रदेशभर के खिलाडिय़ों को मंच प्रदान करता है। जिससे वे जिला स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक अपनी पहचान बना सकें। विद्यालय के प्रधानाचार्य अजय कौशिक ने मुख्यअतिथि को स्मृति चिन्ह, शाल देकर प्रबंध समिति के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा एवं प्राचार्य ने सम्मानित किया।

डा. मिड्ढा ने कहा कि हरियाणा की धरती ने खेलों में देश का नाम रोशन किया है और ओलंपिक जैसे अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अनेक पदक जीत कर गौरव बढ़ाया है। राज्य सरकार भी खेलों को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण स्तर पर खेल नर्सरियां स्थापित कर रही है ताकि योग्य खिलाड़ी तैयार हो सकें। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष जगन्नाथ शर्मा ने कहा कि विद्या भारती न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि खेलों में भी लगातार नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। कार्यक्रम में उत्तर क्षेत्र प्रमुख मलखान सिंह, प्रांत प्रमुख किशोर, प्रांत प्रभारी के रूप में सुरेश पुरी एवं अन्य प्रांत स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने भी खिलाडिय़ों को शुभकामनाएं दीं और खेल भावना को प्रोत्साहित किया।



प्रतियोगिता के शुभारंभ पर मुख्यअतिथि डा. कृष्ण मिड्ढा को स्मृति चिन्ह देते हुए।


**जुलाना।** भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कांग्रेस कार्यकर्ता।

## जुलाना में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक

**जुलाना।** जुलाना कस्बे की नई अनाजमंडी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कांग्रेस के जिलाध्यक्ष रिषिपाल सिहाग ने कहा कि भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जुलाना में रिश्वत के मामले में पकड़े गए चेयरमैन को सरकार ने पूरा जोर लगाकर चेयरमैन बनवाया था। चेयरमैन ने ठेकेदार से रिश्वत की मांग की और विजिलेंस ने उन्हें काबू कर लिया। ऐसे सैंकड़ों उदाहरण हैं, जिनमें भाजपा की मिलिभगत के चलते भ्रष्टाचार हो रहे हैं लेकिन सरकार चुप है। जींद जिले में गत दिनों लगभग 18 से 20 मर्डर हुए। सरकार ने वायदे तो बहूत किए लेकिन पूरा कोई भी नही किया है। व्यापारियों को भय के माहौल में काम करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। ढिगावा में एक शिक्षिका की निर्मम हत्या कर दी जाती है लेकिन सरकार हत्यारों को पकडने में नाकाम साबित हो रही है। कांगेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विरोध प्रकट किया। जगबीर ढिगाना, राजपाल लाठर, डा. बलबीर आर्य, के.रामफल आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### सामाजिक चिकित्सक महासंघ की बैठक हुई

**राजौंद।** गांव किठाना में सामाजिक चिकित्सक महासंघ ब्लॉक राजौंद की बैठक ब्लॉक प्रधान डॉ पवन रोहेड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन डॉ जयकिशन शर्मा ने किया। बैठक में मुख्य एजेंडा 7 सितम्बर को होने वाले जिला सम्मेलन की तैयारियों को लेकर रहा। जिला अध्यक्ष डॉ तेजपाल खटकड़ ने बताया कि हमारी एकता बहुत जरूरी है और संगठन को मजबूत करने के लिए सभी साथियों को मेंबरशिप लेनी चाहिए और अगले माह में होने वाले जिला सम्मेलन को सफल बनाने के लिए प्रत्येक साथी को मेहनत करनी चाहिए और संगठन का विस्तार करना चाहिए क्योंकि जितना संगठन मजबूत होगा हम उतने ही सुरक्षित होंगे।




### आरकेएसडी स्कूल में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला

**कैथल।** आरकेएसडी पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला संपन्न हुई। इसमें कैथल, कुरुक्षेत्र, करनाल, चीका, पुंडरी आदि शहरों के लगभग 60 शिक्षकों ने भाग लिया. इस कार्यशाला में संसाधक के रूप में श्री शमशेर शर्मा व श्रीमती तनूजा सचदेवा जी उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने मार्गदर्शन में सभी शिक्षकों को अध्ययन-अध्यापन के नवचारों से अवगत करवाया। स्कूल की प्रधानाचार्य निविदिता भट्ट जी ने बताया कि सी.बी,एस. ई का यह कार्य प्रशंसनीय है कि समय-समय पर सेमीनार व वर्कशाप लगाई जाती हैं। नई शिक्षा नीति में आए बदलावों को देखते हुए यह एक आवश्यक कदम है। कार्यशाला में उपस्थित सभी शिक्षकों का स्वागत व आभार प्रकट किया।

### सोनू साथियों संग बहुजन समाज पार्टी में शामिल

**कैथल।** हरियाणा बसपा का कुनबा बढ़ता नजर आ रहा है। कुरुक्षेत्र में आयोजित प्रदेश स्तरीय मीटिंग में केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व की मौजूदगी में अग्रवाल समाज से बहुत ही सम्मानित जिला कैथल से बहुत बड़े समाजसेवी एवं बिजनेसमैन ,सोनू मित्तल ने अपने साथियों के साथ बहुजन समाज पार्टी की नीतियों में आस्था बताते हुए पार्टी ज्वाइन की केंद्रीय प्रभारी आदरणीय रणधीर सिंह बेनीवाल एवं सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर कृष्ण जमालपुर जी ने पार्टी का पटका पहनाकर उन्हें पार्टी में शामिल किया।

### पूर्व राज्यपाल को सम्मान न देने पर जताया रोष

**गुहला चीका।** भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) की हलका स्तरीय बैठक चीका में जिला उपाध्यक्ष केवल सिंह सिद्धू के निवास पर जिला अध्यक्ष गुरनाम सिंह फरल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। युवा प्रदेश अध्यक्ष विक्रम कसाना ने विशेष तौर भाग लिया। सदरेड़ी, टटियाना, भागल,बदसूई, पीडल सहित कई गांव का दौरा कर किसानों को श्रद्धांजलि सभा में जगाधरी पहुंचने की अपील की।

---

वार्ड नंबर 22 में 75 लाख से होने वाली गलियों के निर्माण कार्य का उद्घाटन

# राम नगर से मार्केट कमेटी को जाने वाली सड़क पर खर्च होंगे 23 लाख रुपये: गर्ग

सड़क का निर्माण कार्य न होने से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

नगर परिषद के वार्ड नंबर 22 में रविवार को 53 लाख रुपये से बनने वाली व बन चुकी कई गलियों का निर्माण कार्य का उद्घाटन व शिलान्यास किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी, भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश गर्ग नौच व नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि सुमित गर्ग नौच शामिल रहे। उन्होंने निर्माण पूरा होने पर गलियों का उद्घाटन कर जनता को समर्पित किया। वहीं राम नगर से लेकर नई अनाज मंडी मार्केट कमेटी कार्यालय तक बनने वाली सड़क का शिलान्यास किया। इस पर करीब 23 लाख रुपये की लागत आएगी। करीब 20 साल से इस सड़क की अनदेखी हो रही थी। सड़क का निर्माण कार्य न होने से लोगों को परेशानी आ रही थी। इस समय सड़क पर गहरे गड्ढे बने हुए हैं, जिस कारण लोगों के लिए सफर करना आसान नहीं है। गड्ढों में वाहन पलटने का डर बना रहता है। अब सड़के निर्माण कार्य को लेकर शिलान्यास होने पर लोगों ने राहत की सांस ली है। पार्षद राजेश सिसोदिया ने कहा कि वार्ड में जितने विकास कार्य अब भाजपा सरकार में हुए हैं, इससे पहले किसी भी सरकार में नहीं हुए हैं। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग के समक्ष जब भी उन्होंने वार्ड में विकास कार्यों को लेकर अपना प्रस्ताव रखा है तो बिना किसी देरी के उसे पूरा करते हुए टेंडर लगवाए गए। इस अवसर पर समाजसेवी डा. प्रीतम सैनी, पार्षद प्रवेश शर्मा, रमेश ठेकेदार, देसराज बंसल, राकेश गुप्ता, तरूण शर्मा, विनोद जैन, रमेश प्रधान, सुरेश कोहड़ा, कृष्ण कुमार, मोहन धनौरी, सज्जन सौंगल सहित अन्य मौजूद रहे।




**कैथल।** भाजपा नेता सुरेश गर्ग नौच व ज्योति सैनी गली का उद्घाटन करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### शहर में चल रहे करोड़ों रुपये के विकास कार्य: सुमित

नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने बताया कि शहर में करोड़ों रुपये के विकास कार्य वार्डों में चल रहे हैं। नए टेंडर भी लगाए जा रहे हैं। स्ट्रीट लाइटों को लगाने का कार्य वार्डों में शुरू हो चुका है। कुल सात हजार 777 स्ट्रीट लाइट लगाई जाएंगे। इन लाइटों के लगने से अंधेरा दूर होगा। शहर के चौक-चौराहों का नवीनीकरण का काम चल रहा है। नप चेयरपर्सन सुरभि गर्ग सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य करवा रही हैं, किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं किया जा रहा है।

### हर वर्ग के हितों को लेकर काम कर रही सरकार: ज्योति सैनी

भाजपा जिलाध्यक्ष ज्योति सैनी व भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश गर्ग नौच ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग के हितों को लेकर काम कर रही है। सभी शहर, गांव व वार्डों में विकास कार्य समान रूप से हो रहे हैं। किसी के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को हर वर्ग की चिंता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना खर्ची व पर्ची के रोजगार मिल रहा है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, महिलाएं, व्यापारी वर्ग सरकार की नीतियों से खुश है।

---




**कैथल।** प्रवचन करती साध्वी कंचन भारती व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

# सच्चा प्रभु भक्त ही सच्चा देशभक्त: कंचन भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

- श्रोतागणो को प्रभु भक्ति के साथ साथ देश भक्ति का संदेश दिया

दिव्या ज्योति जागृती संस्थान, नजदीक आरकेएसडी कॉलेज प्रोफेसर कॉलोनी आश्रम में जन्माष्टमी का कार्यक्रम किया गया। इसमें साध्वी कंचन भारती एवं साध्वी राजवीर भारती ने जन्माष्टमी के अवसर पर श्री कृष्ण जी के संदर्भ में बताते कहा कि श्री कृष्णा,सोलह कलाओं से युक्त हो,पूर्णाअवतार के रूप में पृथ्वी पर आये। परंतु विडंबना है कि उनके उदात्त चरित्र को कोई धरती वासी समझ ही नही पाए और उनकी लीलाओं को तरह-तरह की आलोचनाओ का विषय बना डाला। किसी ने बहु विवाहवाद का आरोप लगाया, तो किसी ने उन्हें महाभारत के महाविनाशकारी युद्ध का मूल कारण बताकर भीषण रक्त-पात का दोषी करार दिया। लेकिन उन्होंने यह सब लोग कल्याण की भावना से अभीभूत होकर ही किया था। महाविलासी भोमासुर की कैद से सोलह हजारअबलाओं को मुक्त कराकर उन्हें सम्मानपूर्वक जीने का अवसर प्रदान किया था। समाज की प्रताड़ना और अपेक्षा से बचाकर उनका कल्याण ही किया था। जहँ तक महाभारत के युद्ध का सवाल है तो श्री कृष्ण जी ने उसे टालने की पूरी कोशिश की थी। वह स्वयं शांति-दूत बनकर कौरवों की सभा में भी गए थे। लेकिन कुमति दुर्योधन नहीं माना। उन्होंने श्रोतागणो को प्रभु भक्ति के साथ-साथ देश भक्ति का संदेश भी दिया, उन्होंने कहा सच्चा प्रभु भक्त ही सच्चा देशभक्त हो सकता है। साध्वी देवेंद्र भारती जी एवं साध्वी प्रीति भारती जी के मधुर भजनों केद्वारा आए हुए प्रभु भक्तों के मन को आनंद से सराबोर कर दिया।

---

# स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

- आजादी दिलाने वाले वीरों की गाथाएं तिरंगे की हर पट्टी में दर्ज: तेजबीर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

चौधरी ईश्वर सिंह कन्या कालेज फतेहपुर पुंडरी में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य रूप से कॉलेज प्रधान पूर्व विधायक चौधरी तेजवीर सिंह ने गवर्निंग बॉडी, स्टाफ और छात्राओं संग ध्वजारोहण किया। इसके बाद तिरंगा यात्रा निकाली गई और संस्थापक हरियाणा के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष स्व. चौधरी ईश्वर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सेमिनार हाल में आयोजित कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया गया। चौधरी तेजवीर सिंह ने कहा कि आजादी दिलाने वाले वीरों की गाथाएं तिरंगे की हर पट्टी में दर्ज हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हर घर तिरंगा अभियान और 2047 तक विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और वर्तमान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नीतियों की सराहना करते कहा कि हरियाणा को 2036 तक विकसित प्रदेश बनाने का संकल्प हम सबको मिलकर पूरा करना है।



**पूंडरी।** पूंडरी कन्या कालेज में ध्वजारोहण करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

---

# रामप्रताप गुप्ता प्रधान-रामकुमार बंसल बने चेयरमैन

- अग्रवाल युवा सभा कैथल की नई कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

अग्रवाल युवा सभा कैथल की कार्यकारिणी गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में भाजपा नेता व प्रसिद्ध समाजसेवी रामप्रताप गुप्ता को प्रधान बनाया गया हैद। सभा के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के सहयोग और स्नेह से ही संस्था निरंतर प्रगति कर रही है। यही सहयोग हमारी शक्ति है और इसी बल पर हम समाज सेवा के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। सभा की नई कार्यकारिणी घोषित करते हुए प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने बताया कि रामकुमार बंसल को चेयरमैन, संजय बंसल को वरिष्ठ उपप्रधान, मोहनलाल गुप्ता को महासचिव, हिमांशु गोयल को मुख्य सह सचिव तथा सुभाष बंसल को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इन सभी पदाधिकारियों ने समाज के प्रति पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। रामप्रताप गुप्ता ने कहा कि अग्रवाल युवा सभा सदैव समाज सेवा और सामाजिक उत्थान के कार्यों के लिए समर्पित रही है। आने वाले समय में सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं युवा व महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यक्रमों को नई गति प्रदान की जाएगी।



**कैथल।** अग्रवाल युवा सभा के प्रधान रामप्रताप गुप्ता कार्यकारिणी के साथ।

### एकजुटता के साथ कार्य होगा

रामकुमार बंसल ने कहा कि वे व नई कार्यकारिणी समर्पण और एकजुटता के साथ कार्य करेगी। हम समाज में शिक्षा के प्रसार, जरूरतमंदों की सहायता, युवाओं के लिए रोजगारमुखी कार्यक्रम और स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में ठोस पहल करेंगे। संगठन को मजबूत करने के साथ सेवा कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी।

### इनको शामिल किया

प्रधान रामप्रताप गुप्ता ने बताया कि कार्यकारिणी में अरुण सराफ, सतीश बंसल, साकेत मंगल, पंकज बंसल (एकांस), जगदीश बहादुर खुरानिया, राम बहादुर खुरानिया, अश्वनी शोरेवाला, पंकज शोरेवाला, श्याम सुन्दर बंसल, रामनिवास मित्तल, धर्मवीर कैमिस्ट, नरेंद्र जिप्पी, अनिल गोयल, धर्मप्रकाश मित्तल, नवनीत गोयल, आंनद गुप्ता, वीरभान जैन, सुरेश गर्ग नौच, प्रयागराज बालू, पुनीत चौधरी, रवि भूषण गर्ग, प्रवीन चौधरी, गंगा स्वरूप गर्ग, प्रवेश खुरानिया, मनोज बंसल, संजय गर्ग, रामनिवास किच्छानिया, सुभाष बंसल जवाहरा, प्रवीन जैन आदि को शामिल किया गया है।

---



**पूंडरी।** स्वतंत्रता दिवस में चैयरपर्सन बबली गोस्वामी शिरकत करते हुए।

## पूंडरी नगरपालिका में चैयरपर्सन बबली गोस्वामी ने ध्वजारोहण किया

**पूंडरी।** नगरपालिका पूंडरी में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें चैयरपर्सन बबली गोस्वामी ने ध्वजारोहण कर सलामी ली। चैयरपर्सन बबली गोस्वामी ने इस मौके पर शहीदों को नमन किया और कहा कि आज हम सब जिस खुली हवा में सांस ले रहे है, उस आजादी को पाने के लिए हमारे न जाने कितने क्रांतिकारियों ने अपने जीवन का बलिदान दिया है। शहीद भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद, सुभाष चंद्र बोस जैसे लाखों युवाओं ने अपनी जवानी के दिनों में हंसते-हंसते अपने प्राणों को न्यौछावर कर दिया था। हमें इतनी कुर्बानियों के बाद मिली ऐसी आजादी को संजोय रखते हुए अपने राष्ट्र की उन्नति व तरक्की के लिए आपसी तालमेल से आगे बढ़ाना चाहिए। इस मौके पर नगरपालिका सचिव नरेश कुमार, प्रदीप गुप्ता जेई, राकेश गोस्वामी, वीरेंद्र एस आई, दिनेश सैनी, दिलवार सिंह व पार्षद भी मौजूद रहे। इस मौके पर विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा देश भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।

---

# अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर धरना आज

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

कैथल: हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स की जिला कमेटी की बैठक जवाहर पार्क में हुई। अध्यक्षता जिला प्रधान दलबीर सिंह व संचालन जिला सचिव राजकुमार चहल ने किया। उन्होंने बताया कि 19 और 20 अगस्त को राज्य कमेटी की आह्वान पर सरकार की राशनलाइजेशन पॉलिसी के विरोध में तीनों विभागों के अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर धरने देगी। सरकार राशनलाइजेशन पॉलिसी के तहत तीनों विभागों से फील्ड के हजारों पद खत्म कर रही है इसको प्रदेश का कर्मचारी बिल्कुल भी सहन नहीं करेगा। 19 अगस्त को जन स्वास्थ्य विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय पर धरना देकर अपना ज्ञापन दिया जाएगा दिया जिसमें जिला कुरुक्षेत्र के कर्मचारी भी शामिल होंगे और 20 अगस्त को अधीक्षक अभियंता सिंचाई विभाग और बी & आर कार्यालय पर धरना दिया जाएगा जिसमें जिला जींद के कर्मचारी साथी भी शामिल होंगे। अगर सरकार इन आंदोलनों के बाद भी बाज नहीं आई तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

अगर सरकार नहीं मानती है तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इसमें तीनों विभागों के मंत्रियों के आवास का घेराव आदि शामिल है। जिला कमेटी की मीटिंग में राज्य महासचिव जरनैल सिंह, ओमपाल भाल ,पृथ्वी सिंह जिला चेयरमैन, जिला उपप्रधान कर्मचंद नैन, जिला सहसचिव सुरेश कुमार, जिला ऑडिटर राजेश कुमार, जिला कैशियर सतीश कुमार, जिला संगठन सचिव राजकुमार नापा व रमेश कुमार विशेष तौर पर शामिल रहे।



**कैथल।** बैठक को संबोधित करते कर्मचारी नेता। *फोटो: हरिभूमि*

---

## श्रीकृष्ण भक्ति की झलक.....



**कैथल।** जन्माष्टी पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा में छोटा बच्चा।

---

एशियन कबड्डी फैडरेशन के चेयरमैन गुलाब को किया सम्मानित

# अमरीक सैनी बने फैडरेशन के चेयरमैन

हरिभूमि न्यूज ⏭कैथल

सैनी यूथ फेडरेशन एसोसिएशन की तरफ से आज कैथल अमरगढ़ गामड़ी सैनी धर्मशाला में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर एशियन कबड्डी फैडरेशन के चेयरमैन गुलाब सैनी मौजूद रहे। कार्यक्रम में पूरे हरियाणा से सैनी समाज का गौरव बढ़ाने वाले युवाओं, खिलाड़ियों, उद्योग जगत से जुड़े व विदेश में समाज का नाम रोशन करने वालों को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम में बिशनगढ़ गामड़ी के अमरीक सैनी को फैडरेशन का चेयरमैन नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से कुरुक्षेत्र सैनी धर्मशाला के प्रधान गुरनाम सैनी, नायब सिंह पटाकमाजरा, राजकुमार सैनी, गायक कुलबीर सैनी, गायक बहादुर सैनी, कोमेडियन दीपक सैनी दिल्ली, सन्नी सैनी पानीपत, कमल सैनी करनाल, प्रदीप सैनी पिहोवा, सुखबीर सैनी पिहोवा, चेयरपर्सन हेमलता सैनी सीवन, चेयरमैन बख्शी राम सैनी चरखी-दादरी, पार्षद अंजू सैनी रोहतक मौजूद रहे।




**कैथल।** एशियन कबड्डी फैडरेशन के चेयरमैन गुलाब सैनी को सम्मानित करते समाज के लोग। *फोटो: हरिभूमि*

### नशे को छोड़कर शिक्षा व खेलों की तरफ ध्यान दें

कोरिया में आयोजित हुई एशियन कुराश सीनियर चैंपियशिप में गोल्ड मैडल जितने वाले खिलाड़ियों को फैडरेशन, गुलाब सैनी, बहादुर सैनी व समाज के लोगों की तरफ से प्रोत्साहन राशि दी गई। समाजसेवी बहादुर सैनी ने कार्यक्रम में पहुंचने वाले मुख्यातिथि, विशिष्ट अतिथियों का शॉल व स्मृतिचिन्ह देकर स्वागत किया। मुख्यतिथि गुलाब सैनी ने कहा कि आज का कार्यक्रम बहुत ही भव्य रहा और इस कार्यक्रम में मेरा सम्मान किए जाने पर में पूरे समाज का धन्यवादी हूं। समाज के लोगों, युवाओं व खिलाड़ियों का आह्वान किया वे नशे को छोड़कर शिक्षा व खेलों की तरफ ध्यान दें। क्योंकि नशे की लत ऐसी है कि जिसमें स्वंय का जीवन तो बर्बाद होता ही है, इससे आपका परिवार भी प्रभावित होता है। उन्होंने समाज के लोगों को एक-दूसरे का साथ देकर आगे बढ़ने की अपील की और जो साथी आर्थिक रूप से कमजोर है, उनकी भी मदद करने का आह्वान किया।

---

# धूमधाम मनाया स्वतंत्रता दिवस

- एंग्लो संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में भव्य कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭पूंडरी

एंग्लो संस्कृत सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल प्रांगण में लाला गीता राम जी अग्रवाल की प्रतिमा का अनावरण भी किया गया। प्रबंधन समिति के प्रबंधक विवेक बंसल ने जानकारी देते हुए बताया कि लाला गीता राम जी और लाला राम किशन दास जी ने सन 1916 में इस स्कूल की स्थापना की थी, जो पूंडरी व आसपास के गांवों के लोगों के लिए एक वरदान साबित हुआ। लाला गीता राम जी ने लगभग 40 वर्षों तक इस स्कूल की सेवा की और इसे एक नए मुकाम तक पहुंचाया। स्कूल की तरक्की में अग्रवाल समाज के साथ-साथ सैनी, अरोड़ा, ब्राह्मण, पंजाबी और वाल्मीकि व अन्य समाजों का भी सराहनीय योगदान रहा है। इसी योगदान के चलते आज यह स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में एक अच्छे स्तर पर कार्य कर रहा है। स्कूल को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए मौजूदा प्रबंधन समिति के प्रधान सुदेश कुमार बंसल की अगुवाई में तन, मन और धन से काम कर रही है। इस मौके पर प्रबंधन समिति के एडवोकेट महेश मंगल व पदाधिकारी व सदस्य मौजूद रहे।



**पूंडरी।** कार्यक्रम के दौरान आर्य स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारी।

## खबर संक्षेप



राजौंद। गांव तारागढ में तालाब मे मरी हुई मछलियां।

### तालाब में मछलियां मरने दुर्गंध, ग्रामीण परेशान

राजौंद। गांव खेड़ी सिम्बल वाली में तारागढ़ रोड पर स्थित तालाब मे अनेकों मछलियां अज्ञात कारणों के चलते मर गईं जबकि उक्त तालाब मे पुरे गांव का पशुधन पानी पीता है गाय भैंस सभी इसी तालाब के सहारे है। ग्रामीण जयप्रकाश मिंया सिंह नें बताया की पिछले तीन दिनों से तालाब मे मरी हुई मछलियां तैर रही है जिससे पूरा तालाब दुर्गंध मय हो गया है तालाब मे फैली दुर्गंध के चलते उन्हें अपने पशुधन को लेकर भी अनहोनी आशंका बनी हुई है। दुर्गंध के चलते कोई अज्ञात बीमारी उनके पशुओं को भी नुकसान न पहुंचा दे। इतना ही नहीं विवश होकर उन्हें अपने पशुओं को तालाब पर लाना ही बंद करना पड़ेगा। उन्होंने बताया की जिस प्रकार से मछलियों की वजह से दुर्गंध फैलती जा रही है ऐसे मे कुछ भी असम्भव नहीं है क्योंकि किसी बीमारी या रसायन के प्रभाव के चलते ही इतनी मछलिया मरी जिसका दुष्प्रभाव आमजन व पशुओं के लिए भी घातक साबित हो सकता। इन ग्रामीणों नें प्रशासन से मांग करते हुए तालाब से मछलियों को निकलवाने व सफाई करवाने की मांग की।

### मनोहरपुर में बिजली अदालत 19 को

जींद। गांव मनोहरपुर में बिजली अदालत का आयोजन 19 अगस्त को किया जाएगा। इसमें अधीक्षक अभियंता मदनलाल सुखीजा लोगों की बिजली बिलों व मीटर संबंधित शिकायतों को सुनेंगे। पूर्ण उपभोक्ता संतुष्टि के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली विभाग द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं ताकि बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप से सुलझाया जा सके।

### निवेश के नाम धोखाधड़ी का एक आरोपित काबू

जींद। अलेवा थाना पुलिस ने कंपनी में निवेश करने पर साल में निवेश राशि को तिगुना मुनाफे का झांसा देकर निवेशकों से एक करोड़ चार लाख रुपये हडपने के एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। गांव थुआ निवासी सतीश ने गत 28 नंवबर 2024 को पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि वह पानीपत में नौकरी करता था। वर्ष 2022 में उसकी गुना मध्यप्रदेश निवासी कमल गोस्वामी से बातचीत हुई थी। उसने बताया कि उसके रिश्तेदारों ने डीजी मुद्रा के नाम से बिजनैस किया है। जिसमें निवेश करने से एक साला में तीन गुणा मुनाफा होता है। जिस पर वह कमल के साथ जयपुर कार्यालय में कंपनी के डायरेक्टर रवि जैन, प्रकाश जैन व अन्य पदाधिकारियों से मिला। 15 जुलाई 2022 को उसने कंपनी में 13540 रुपये का निवेश किया। एक करोड़ चार लाख 11 हजार 613 रुपये की राशि कंपनी में अटक गई।

अस्पताल भवन की हालत ठीक नहीं, अस्टीमेट तैयार, जल्द आएगा बजट

# चार करोड़ 32 लाख से सुधरेगा अस्पताल

- अस्पताल के पुराने भवन के जीर्णोद्धार के लिए बनाया अस्टीमेट
- पीडब्ल्यूडी सुधारेगा पुराने भवन के हालात
- लंबे समय से मरम्मत नहीं होने से बिगड़े थे 50 वर्ष पुराने भवन के हालात




हरिभूमि न्यूज. जींद

पिछले दिनों हुई बारिश से जींद का नागरिक अस्पताल भी टपक गया। अस्पताल के पुराने भवन में सीलन के कारण कमजोर हुए लेंटर व अन्य माइनर सिविल वर्क के लिए अस्पताल प्रशासन ने पत्र के बाद पीडब्ल्यूडी बीएंडआर ने अस्टीमेट तैयार कर दिया है। इस पर लगभग 4.32 करोड़ रुपये की राशि खर्च आएगी। इसके बाद यह भवन नए की तरह चमकेगा। उम्मीद है कि जल्द ही स्वास्थ्य विभाग इसके लिए बजट जारी करेगा।

#### 50 साल पुराना भवन

नागरिक अस्पताल का पुराना भवन लगभग 50 साल पुराना है। हालांकि नागरिक अस्पताल 200 बैड का है। सौ बैड नई बिल्डिंग तो सौ बैड पुरानी बिल्डिंग में हैं। नया भवन बनने के बाद भी नागरिक अस्पताल की 50 प्रतिशत से ज्यादा सेवाएं इसी भवन में चली हुई है। इसके अलावा पुराने भवन में प्रशासनिक व्यवस्थाओं समेत एमरजेंसी, गायनी ओपीडी, एसएनसीयू, पीएमओ कार्यालय, सीएमओ कार्यालय, सभी तरह की लैब, वीआईपी रुम सहित कई तरह के स्पेशल वार्ड है। इसमें अब सबसे ज्यादा लेंटर टपकने, दीवारों में सीलन, माइनर सिविल वर्क, चिकित्सकों के कमरों को बेहतर बनाने।

यह सुधार नागरिक अस्पताल में लगभग दो माह पहले एनक्यूएएस (राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक) की टीम ने दौरा किया था। इस दौरान टीम ने अस्पताल के नए व पुराने भवन में सीलन के कारण सीमेंट झडने, छत में दरार से पानी टपकते मिला। इसके बाद इसके सुधार के निर्देश दिए ताकि भवन को मजबूत बनाया जा सके। पुराने भवन में ग्राउंड फ्लोर पर वन स्टॉप सेंटर व फिजियोथैरेपी वाली जगह में सीपेज मरम्मत व रंगरोगन कार्य, एसएनसीयू के सामने कमरों व शौचालय की मरम्मत, प्रथम तल व द्वितीय तल के सभी शौचालयों की मरम्मत, रंगरोगन, नए शौचालयों का निर्माण करवाने, भवन की मरम्मत का कार्य इस प्रकार से करवाना सुनिश्चित किया जाए कि भवन को लंबे समय तक प्रयोग में लाया जा सके। एक निश्चित अवधि लगभग 10 वर्ष तक मरम्मत की आवश्यकता न हो और जनहित के कार्य बाधित न हो। भवन की चारदीवारी को ऊंचा किया जाए। कंटीली तार व दीवारों पर पेंट व पेंटिंग करवाने, दोनों मुख्य गेटों पर एनिमल कैचर की सुविधा, पुराने भवन में लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध करवाने, जल संग्रहण क्षमता बढ़ाने के लिए 15 वाटर टैंक लगवाने के निर्देश दिए थे। इनको देखते हुए अस्टीमेट तैयार करवाया गया है।

#### भवन की मरम्मत करवाई जाएगी ताकि मरीजों को परेशानी न हो

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि अस्पताल की दीवारों व लेंटर पर आई सीलन के कारण भवन को नुकसान हो रहा है। इस से भवन को बचाने के लिए मरम्मत का अस्टीमेट तैयार करवाया है। पीडब्लयूडी ने इसका एस्टीमेट लगभग 4.32 करोड़ रुपये का तैयार किया है। अब विभाग को रुपये जारी करवा कर भवन की मरम्मत करवाई जाएगी ताकि मरीजों, स्टाफकर्मियों को किसी तरह की परेशानी न हो।



राजौंद। बैठक के दौरान मौजूद सरपंच व पंचायत सदस्य जिला विकास कोऑर्डिनेटर अशोक कुमार।

## बाल विवाह पर रोक लगाने को लेकर प्रस्ताव पास

- गांव जाखौली कमान के सरकारी स्कूल में हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज. राजौंद

गांव जाखौली कमान के सरकारी स्कूल में बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए विशेष बैठक सरपंच जितेंद्र कादयान की अध्यक्षता में में हुई। इसमें बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया। इस दौरान बाल विकास को-ऑर्डिनेटर कैथल अशोक कुमार मौजूद रहे। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा बाल विवाह को रोकने हेतु जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जा रही है। साथ ही अनाथ बच्चों हेतु मासिक पेंशन का प्रबंधन भी सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बाल विवाह से होने वाले सामाजिक मनोवैज्ञानिक प्रभाव बारे जागरूक किया। ग्राम सभा में सभी मौजूद सदस्यों ने एकमत होकर निर्णय लिया कि इस विषय के लिए व्यापक प्रचार प्रसार के लिए ग्राम सभा में विशेष प्रस्ताव पास किया गया कि अभियान चलाने के लिए भी निर्णय लिया गया। को-ऑर्डिनेटर अशोक कुमार कैथल ने सभा में कहा कि बाल विवाह करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी। इसके अलावा गांव नरवल में भी ग्राम पंचायत की बैठक करके बाल विवाह पर रोक लगाने के लिए प्रस्ताव पास किया गया।

## ...कण-कण म्हं आड़ै देश प्रेम सै, माटी घणी कसूती

- ऑनलाइन काव्य गोष्ठी का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज. जींद

हिंदी साहित्य प्रेरक संस्था जीन्द के बैनर तले ऑनलाइन कार्यक्रम में हमारे आजादी का महापर्व 15 अगस्त एवं जन्माष्टमी महोत्सव बहुत ही हर्षोल्लास से मनाया गया। अपने आप में अनूठे इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचकूला की जानी मानी वरिष्ठ कवयित्री डा. संतोष गर्ग तोष की रही। इस कार्यक्रम में हरियाणा, पंजाब के अ_ारह रचनाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

संस्था की संयोजिका सुशीला जांगड़ा द्वारा मां सरस्वती की वंदना कर विधिवत रूप से काव्योत्सव का शुभारंभ किया गया। संस्था की अध्यक्षा शकुन्तला काजल शकुन ने वरिष्ठ एवं स्नेहिल सभी कलमवीरों का हृदय की गहराई से स्वागत, अभिनंदन कर आजादी के महोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी।




जींद। ऑनलाइन काव्य गोष्ठी में भाग लेते हुए कवि।

सबसे पहली प्रस्तुति जींद से जुड़ी कवयित्री रानी सोनिया पांचाल की रही और खूब वाहवाही बटोरी। महेंद्रगढ़ से जुड़े वरिष्ठ साहित्यकार त्रिलोक चंद फतेहपुरी की राष्ट्रप्रेम से लबरेज रचना ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसी कड़ी में कलानौर से सुरीली आवाज़ के धनी डा. सतबीर सिंह निराला, नरवाना के अमरगढ़ से कवि राजकुमार नैन, जींद से मंगतराम शास्त्री, रोहतक के वरिष्ठ साहित्यकार बलबीर सिंह ढाका, झज्जर जिले से डॉक्टर अशोक कुमार जाखड़, रोहतक से ही संदीप कुमार बावरा, कवि पवन मित्तल, जुलाना से वरिष्ठ कवि जयदेव अत्रि और कैथल से जुड़ी कवयित्री मधु गोयल मधुप की गायकी ने समां बांध दिया। हरियाणवी बोली में लेखन की धाक जमा चुकी कवयित्री कमलेश गोयत की रचना सुन सब श्रोता भावविभोर हो गए। जींद से ही वरिष्ठ साहित्यकार, गीतकार जगदीश चंद्र पांचाल ने अपनी गायकी से सबको अपना मुरीद बना लिया।

#### हरियाणवी माटी की महक को ऐसा बिखेरा

हिसार जिले के गांव पाबड़ा जुड़े कवि नरेश ने अपनी कविताई में भारतीय संस्कृति और हरियाणवी माटी की महक को ऐसा बिखेरा कि सब ताली बजाने पर मजबूर हो गए। रचना के गजब शब्द थे कि कण-कण म्हं आड़ै देश प्रेम सै, माटी घणी कसूती। सारे बालक राम सिया सैं, भारत की मजबूती। दादरी जिले के बिलोट गांव से जुड़े लेखनी के धनी महेन्द्र सिंह बिलोटिया की रचना भारत के बच्चे-बच्चे जोश जगाने वाले भाव में कुछ यूं थी कि बच्चा ही मत समझो हम वीरों की संतान हैं। भाग्य और भविष्य देखो भारत मां की शान हैं। जींद की वरिष्ठ कवयित्री मंजू मानव जी की प्रस्तुति हमेशा की तरह लाजवाब रही। फतेहाबाद से सुमन लता ने कान्हा के रूप का वर्णन किया।

## जियो फेंसिंग का विरोध, कमेटी ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

स्वास्थ्य विभाग में जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश को अव्यवहारिक व असंवैधानिक बताते हुए रविवार को विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की तालमेल कमेटी ने उचाना के विधायक देवेन्द्र चतरभुज अत्री को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में विधायक से इस गैर कानूनी आदेश को वापस लेने के लिए सरकार तक आवाज पहुंचाने और आगामी विधान सभा सत्र में भी आवाज बुलंद करने की मांग की। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने तालमेल कमेटी को आश्वासन दिया कि इस बारे मुख्यमंत्री से बातचीत करके



जींद। उचाना के विधायक देवेंद्र अत्री को ज्ञापन सौंपते हुए तालमेल कमेटी के पदाधिकारी।

उचित समाधान निकलवाया जाएगा और किसी के साथ भी अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग तालमेल कमेटी के संयोजक एवं स्वास्थ्य सुपरवाइजर संघ के प्रदेशाध्यक्ष राममेहर वर्मा, हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसिज के जिला प्रधान डा. विजेन्द्र ढांडा आदि ने बताया कि बताया कि जब स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत तमाम अधिकारी एवं कर्मचारी पहले ही बायोमैट्रिक आधारित अपनी उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं तो जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति के तहत दर्ज करवाने को कोई औचित्य नही बनता। उन्होंने इनआदेशों को अव्यवहारिक व गैर कानूनी तथा भारतीय संविधान में वर्णित निजता के अधिकारों का हनन एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन भी बताया। स्वास्थ्य मंत्री द्वारा दिए भरोसे के बावजूद कुछ अधिकारी जियो फेंसिंग उपस्थिति दर्ज करने के आदेशों को वापस नहीं ले रहे।

## मनीषा के हत्यारों को जल्द गिरफ्तार किया जाए, मिले कड़ी सजा

- हरियाणा बैरागी सभा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष ने उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज. जींद

हरियाणा बैरागी सभा (रजि.) के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं कर सलाहाकार जिले सिंह जागलान ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से अपील करते हुए आग्रह किया है कि लौहारु कस्बे के गांव सिंघानी की 19 वर्षीय छात्रा मनीषा स्वामी की बेरहमी से गला काटकर की गई निर्मम हत्या के दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करवाया जाए। क्योंकि डायल 112 व लौहारु थाने में लड़की के पिता द्वारा लापता बेटी की गुमशुदा की रिपोर्ट अगर समय रहते दर्ज की जाती और पुलिस तत्परता से समय रहते कार्यवाही करती तो लड़की की जान बचाई जा सकती थी। इस केस में कालेज प्रशासन व पुलिस द्वारा परिजनों से किए गए दुर्व्यवहार से यह स्पष्ट दिखाई पडता है कि पुलिस द्वारा ऐसे गंभीर मामले में परिजनों को कोई सहयोग किया गया और लड़की के पिता की बात को भी अनसुना कर दिया है। जिसके कारण लड़की को जान गंवानी पड़ी। प्रदेश में इस प्रकार की हत्याओं का सिलसिला लगातार जारी है और कानून व्यवस्था बिल्कुल ठप हो चुकी है। जागलान ने कहा कि गत 11 अगस्त से लापता हुई छात्रा मनीषा स्वामी की दरिंदो द्वारा की गई हत्या के बाद पूरे प्रदेश की जनता में भारी आक्रोष बना हुआ है और हत्या के एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों का पता लगाने मे नाकाम रही है। जिसके कारण प्रदेष की बेटियों व महिलाओं में भारी रोष पनपता जा रहा है। आस-पास के हजारों की संख्या में महिलाएं, छात्राएं, युवा व बुजुर्ग लोग मनीषा स्वामी के भाई-बहन बन कर नजदीकी कस्बे ढिगावा में भारी रोष प्रदर्शन धरना दे रहे हैं। अगर जल्द ही दोषियों को गिरफतार नही किया गया तो पूरे प्रदेश में मनीषा स्वामी के हत्यारों को गिरफतार करवाने के लिए मजबूर होकर इस धरने में शामिल होना पड़ेगा। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि मनीषा स्वामी के हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफतार करके सख्त कार्यवाही की जाए ताकि भविष्य में बेटियों के साथ इस प्रकार की अमानवीय घटनाएं न हों। क्योंकि भारत सरकार का बेटी बचाओ, बेटी पढाओ नारा भी खोखला साबित हो रहा है। प्रदेश मे दिन-प्रतिदिन बढ़ती अपराधिक घटनाओं पर तुरंत रोक लगाने की सख्त जरुरत है। हर व्यक्ति इन घटनाओं से चिंतित होकर असुरक्षित महसूस कर रहा है।

## 25 सालों में सैकड़ों रिश्ते करवा चुके राजकुमार

### हरियाणा में वैवाहिक परिचय सम्मेलन को लेकर अलख जगा रहे गोयल

- अन्य समाजों को भी परिचय सम्मेलनों के लिए प्रेरित किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज. जींद



- सामाजिक बदलाव का जज्बा औरों के लिए प्रेरणा का स्रोत

दो दिलों को मिलाना धर्म का कार्य है और धर्म के इस कार्य में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. राजकुमार गोयल पिछले कई दशकों से अपनी आहूति डाल रहे हैं। जीङुद की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं से जुडे गोयल पिछले 25 सालों में परिचय सम्मेलनों के माध्यम से सैकड़ों रिश्ते करवा चुके हैं। सामाजिक बदलाव का यह जज्बा औरों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। आज समाज की सबसे बड़ी समस्या यह है कि विवाह योग्य प्रत्याशियों के समय पर रिश्ते नहीं हो पा रहे। माता-पिता अपने बेटे बेटियों के लिए उचित रिश्ते ढूंढते ढूंढते परेशान हो रहे हैं। ऐसे में विवाह योग्य परिचय सम्मेलन सार्थक साबित हो रहे हैं। परिचय सम्मेलनों के माध्यम से विवाह योग्य प्रत्याशियों को उचित रिश्ते के चयन के लिए दर्जनों ऑप्शन मिल जाते हैं। शुरू-शुरू में जब परिचय सम्मेलन होने शुरू हुए तब समाज ने परिचय सम्मेलनों को अच्छी नजरों से नही देखा। समय के साथ बदलाव आया। बिचौलियों की भूमिका कम होती रही। समाज में रिश्ते करवाने वाले कम होते गए। ऐसे में परिचय सम्मेलन कामयाब होने लगे। धीरे धीरे और निखार आया और परिचय सम्मेलन और ज्यादा सार्थक साबित होने लगे। वैसे तो आजादी के बाद से ही देश में परिचय सम्मेलनों का रिवाज रहा है लेकिन हरियाणा में 1995 के बाद से ही परिचय सम्मेलन आयोजित होने लगे। हरियाणा में जींद, करनाल, कुरूक्षेत्र, रोहतक, पलवल, अंबाला, गुरूग्राम, पंचकूला, रेवाड़ी, भिवानी इत्यादि जिलों में समय समय पर परिचय सम्मेलन आयोजित होते रहे हैं। जींद और करनाल इत्यादि जिलों में तो लगातार परिचय सम्मेलनों का आयोजन होता रहा है। इसी कडी में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के अध्यक्ष राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में जींद की धरती पर 2001 में पहला परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री बनारसी दास गुप्ता मुख्यअतिथि के तौर पर उपस्थित हुए थे। 2005 में भी राजकुमार द्वारा टीम के साथ मिल कर जींद में ही विशाल सम्मेलन का आयोजन किया गया।

#### विवाह के साक्षी बन रहे परिचय सम्मेलन

राजकुमार गोयल की अध्यक्षता में 2009 में भी जींद की धरती पर विशाल परिचय सम्मेलन का आयोजन करवाया गया। उसके एक बार फिर 2013 में जींद में उत्तर भारत स्तर का परिचय सम्मेलन आयोजित करवाया गया। उसके बाद 2018 में अग्रसेन स्कूल जींद में उत्तर भारत स्तर का विशाल परिचय सम्मेलन आयोजित किया गया। जिसमें दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। परिचय सम्मेलन में जहां रिकार्ड तोड़ भीड पहुंची वही एक हजार से ज्यादा विवाह योग्य प्रत्याशियों ने अपने जीवन साथी की तलाश में सम्मेलन में भाग लिया।

### गोगा माड़ी पर मेले का आयोजन 28 अगस्त को

राजौंद। नगर के कैथल रोड पर स्थित गोगा माड़ी पर 28 अगस्त को होगा मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले की तैयारियों को लेकर गोगामेडी कमेटी सदस्यों ने बैठक की। बैठक के दौरान मेले की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। जाहरवीर गोगा मेडी कमेटी के प्रधान ने बताया कि जाहर वीर गोगा माडी पर मेले का आयोजन 28 अगस्त को किया जाएगा जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इस मेले पर सभी बिरादरी के लोग मत्था टेकने के लिए पहुंचते हैं। उन्होंने बताया कि यह मेला भाद्र पद की अमावस्या के बाद पंचम को लगता है तथा इसके बाद अगले दिन नगर से हजारों श्रद्धालु गोगा माड़ी राजस्थान के गांव बागड़ के लिए छड़ी लेकर जाते हैं। जो नवमी की पूजा कर दसवीं को फिर वापिस लोटते हैं। उस दिन भी सांय के समय इसी तरह मेला लगता है। इस दौरान कमेटी के सदस्य अमन राणा प्रदीप राणा, सतपाल प्रजापत, नाथी राणा, मोहन राणा, पाली राम, राजमोहन, पृथ्वी पंडित, डिंपल राणा, बिंटू राणा, पवन शर्मा, ओम बीर, चमन राणा, लीला राणा, कर्ण, जितेंद्र राणा, डा. मोहन राणा मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

कार्यक्रम | शहीद को सरकार द्वारा मीडिया में सम्मान न दिए जाने पर महासभा ने जताया रोष

## अखिल भारतीय अरोड़ खत्री महासभा ने मनाया मदनलाल धीगड़ा का शहीदी दिवस, लोगों ने शहादत को याद किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद

अखिल भारतीय अरोडख़त्री (क्षत्रिय) महासभा द्वारा रविवार को शहीद मदनलाल धीगड़ा का शहीदी दिवस व विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस जींद के रेकसन होटल में बहुत ही श्रद्धाभाव से प्रदीप कुमार बत्तरा की अध्यक्षता में मनाया गया। इस शहीदी दिवस पर 20वीं शताब्दी के प्रथम महान शहीद की कुर्बानी को याद किया गया तथा सभी ने बहुत ही श्रद्धा भाव से शहीद मदनलाल धीगड़ा अमर रहे के नारे भी लगाए। लेकिन सरकार द्वारा शहीदी दिवस पर मीडिया की लगातार की जा रही अनदेखी के लिए रोष प्रकट भी किया गया।



जींद। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर का स्वागत करते हुए धर्मेन्द्र बत्तरा।

मुख्यअतिथि के तौर पर हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा ने व रोहतक से होली हार्ट अस्पताल के संस्थापक डॉ. आदित्य बत्तरा ने शिरकत की तथा शहर के प्रमुख समाजसेवी जगदीश लाल आहूजा व रिटायर फुटबाल चीफ कोच सरदार आज्ञापाल बतौर विशिष्ट अतिथि, डा. एके चावला व राजन चिलाना सम्मानित अतिथि रहे। इस शहीदी दिवस पर महासभा द्वारा 87 वर्षों की उम्र से अधिक के बुजुर्गों को पगड़ी व डोगा भेंट कर सम्मानित किया गया। जिन्होंने विभाजन का मंजर अपनी आखों से देखा व झेला था। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह बत्तरा ने बताया कि इस महासभा के अथक प्रयासों से 75वे स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस की घोषणा की गई थी। इसलिए महासभा का तो दायित्व व जिम्मेदारी भी बन जाती है कि वो इस दिवस को बहुत ही श्रद्धा भाव से मनाए। उन्होंने बताया की महासभा द्वारा प्रतिभाशाली बच्चों, सरकारी विभागों में अपनी डयूटी के प्रति वफादार कर्मचारियों व अधिकारीयों व समाज में अच्छा कार्य करने वालों को भी सम्मान पत्र और मॉमंटो देकर महासभा द्वारा सम्मानित किया गया। जिसके कारण प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त 2021 को लाल किले की प्राचीर से शहीदी दिवस के रूप में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाने का दिन उद्धघोषित किया था।

#### डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा को सीएम के नाम ज्ञापन

महासभा ने जींद विधायक व विधानसभा डिप्टी स्पीकर डॉ. कृष्ण मिड्ढा को मुख्यमंत्री के नाम अपने समाज की लंबित पड़ी मांगों का ज्ञापन भी दिया। जिसमें मुख्यतः राज्य में विभाजन विभीषिका पीड़ित कल्याण आयोग का गठन, हरियाणा शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के होने वाले चुनाव में सहजधारी सिखों को चुनाव लडने व वोट डालने का अधिकार तथा जींद में यमुना लिंक नहर के साथ लगती कृषि व नहर विभाग की जमीन में से पांच एकड़ जमीन सूर्यवंशी महाराजा अरुट कम्युनिटी सेंटर बनाने की मांग की। महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. धर्मेन्द्र सिंह बतरा ने बताया कि हमारी महासभा ने लगातार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से विभाजन के समय अपनी जान गवाने वालों व अपनी सम्पत्ति, भूमि, पूर्वजों की जन्मभूमि तथा अपना सब कुछ आजादी के अंतिम क्षणों में कुर्बान कर आए हिंदू व सिख भाइयों को एक शहीद का दर्जा देने का अथक प्रयास किया।